मासिक घटनाक्रम संग्रह

DIGITAL UDAAN

जुलाई 2019

EVERY SATURDAY

डिजिटल उड़ान

तमसो मा ज्योतिर्गमय

WORLD HEPATITIS DAY

28 JULY

विश्व हेपेटाइटिस दिवस

हिन्दवंशी

HINDVANSHI

HindvanshiEducation.com

- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (University Grants Commission- UGC) ने देश में अनुसंधान की संस्कृति को बढ़ावा देने हेतु नई पहल ‘स्कीम फॉर ट्रांस- डिसिप्लिनरी रिसर्च फॉर इंडियाज़ डेवलपिंग इकॉनमी’ (Scheme for Trans-disciplinary Research for India’s Developing Economy- STRIDE) की घोषणा की।

  STRIDE उन अनुसंधान परियोजनाओं को सहायता प्रदान करेगा जो सामाजिक रूप से प्रासंगिक होने के साथ ही स्थानीय आवश्यकताओं पर आधारित तथा राष्ट्रीय स्तर एवं विश्व स्तर पर महत्तवपूर्ण हैं।

  इसमें अलग-अलग विषयों और क्षेत्र से जुड़े नए शोध कार्यो के लिए पचास लाख से लेकर पांच करोड़ तक की वित्तीय मदद दी जाएगी।

- भारत और फ्रांस की वायु सेनाओं के बीच युद्धाभ्यास 'गरुड़ VI' फ्रांस के मांट डी मार्सन हवाई अड्डे पर आयोजित किया गया।

- आईपीएस अधिकारी अपर्णा कुमार ने अमेरिका के अलास्का में स्थित माउंट डेनाली पर्वत को फतह किया।

  इसके साथ ही सात पर्वतमालाओं पर तिरंगा फहराने वाली अपर्णा देश की पहली आईपीएस अधिकारी बन गई हैं।

  अपर्णा कुमार ने जिन पर्वतों के शिखर पर झंडा फहराया है, उनमें माउंट एवरेस्ट, माउंट किलिमंजारो, माउंट एल्ब्रुस, कार्सटेंस पिरामिड, विन्सन मैसिफ व माउंट एकांकागुआ शामिल हैं।

- केरल सरकार के घोषणा के अनुसार राज्य में सभी प्रकार के सरकारी संवादों में ’अदर जेंडर’ या ‘थर्ड जेंडर’ के स्थान पर केवल ट्रांसजेंडर शब्द का प्रयोग किया जाएगा।

- विकास क्षमताओं का निर्माण करने के लिए भारत की सहायता से कोट डी आइवर (आइवरी कोस्ट) में महात्मा गांधी आईटी और बायो-टेक्नोलॉजी पार्क का उद्घाटन किया गया है।

- विप्रो के अध्यक्ष अजीम प्रेमजी और मास्टरकार्ड के सीईओ अजयपाल सिंह बंगा को 'ग्लोबल एक्सीलेंस अवार्ड 2019' के लिए चुना गया।

  उन्हें यह पुरस्कार यू एस इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम (USISPF) द्वारा अमेरिका और भारत के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत बनाने में उनके योगदान के लिए दिया जाएगा।

- हेनले पासपोर्ट सूचकांक (Henley Passport Index), 2019 में भारत के पासपोर्ट को 86वाँ स्थान प्राप्त हुआ है।

  हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2019 की सूची में टॉप पर जापान और सिंगापुर रहे हैं।

हिन्दवंशी

- अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) ने ‘वर्किंग ऑन ए वार्मर प्लैनेट:द इंपैक्ट ऑफ हीट स्ट्रेस लेबर प्रोडक्टिविटी एंड डिसेंट वर्क’ (Working on a Warmer Planet: The Impact of Heat Stress on Labour Productivity and Decent Work) नामक रिपोर्ट जारी की।

  ILO द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, भारत मे बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग के कारण कार्य क्षमता और उत्पादकता में 2030 तक 5.8% के नुकसान की संभावना है।

- रिलायंस जियो ने फेसबुक के साथ साझेदारी कर 'डिजिटल उड़ान' नामक डिजिटल साक्षरता अभियान शुरू किया है।

  जियो के डिजिटल उड़ान अभियान के तहत प्रत्येक शनिवार को लोगों को जियो फोन के फीचर्स, फेसबुक इस्तेमाल करने का तरीका, तमाम तरह के एप्स को इस्तेमाल करने का तरीका तथा इंटरनेट पर सुरक्षित रहने के तरीके सिखाए जाएंगे।

  जियो के इस अभियान के तहत यूजर्स को ऑडियो और वीडियो माध्यम के जरिए 10 भाषाओं में ट्रेनिंग दी जाएगी।

- केंद्र सरकार ने आम लोगों को पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से साल 2024 तक हर घर जल योजना को लागू करने की घोषणा की।

  इस योजना के कार्यान्वयन के लिए जलशक्ति मंत्रालय का गठन किया गया है।

- सोलर एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए कर्नाटक सरकार ने एम. विश्वेश्वरैया के नाम पर आइसा-कर्नाटक विश्वेश्वरैया सोलर अवार्ड देने का निर्णय लिया है।

  यह अवार्ड हर साल दुनिया के एक देश को फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने पर दिया जाएगा।

- असम की तरह नगालैंड में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर यानी एनआरसी (NRC) लागू किया जाएगा।

  असम NRC को सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में केंद्र और राज्य सरकार ने मिलकर बनाया है जबकि नागालैंड में बनने वाली यह सूची (RIIN) राज्य सरकार अपने स्तर पर तैयार कर रही है।

- महिला फुटबॉल विश्वकप के फाइनल में अमेरिका ने नीदरलैंड को 2-0 से हराया।

  अमेरिका ने इस जीत के साथ चौथी बार वुमन्स वर्ल्ड कप की ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया है।

हिन्दवंशी

- नीति आयोग ने "कृषि विपणन एवं कृषक अनुकूल सुधार सूचकांक" AMFFR (Agricultural Marketing and Farmer Friendly Reforms Index) जारी किया।

  इस सूचकांक में राज्यों को कृषि विपणन के क्षेत्र में किये गये सुधार के आधार पर स्थान दिया गया है।

  AMFFR सूचकांक में महाराष्ट्र को प्रथम स्थान प्रदान किया गया है।

- राजस्थान की राजधानी जयपुर को यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज घोषित किया गया है।

  जयपुर के शामिल होने के साथ यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में भारत के विरासत स्थलों की संख्या बढ़कर 38 हो गई है।

- बीएसएफ ने पंजाब और जम्मू में पाकिस्तान सीमा पर 'घुसपैठ रोधी ग्रिड' को मजबूत करने के लिए "ऑपरेशन सुदर्शन" शुरू किया है।

  ऑपरेशन के तहत आतंकवादियों की घुसपैठ, ड्रग्स की आवाजाही रोकने और पाक की अकारण गोलीबारी का जवाब देने के मद्देनजर भारतीय रक्षा प्रणाली को मजबूत किया जाएगा।

- श्रीलंका के गम्पाहा में भारत की मदद से बने पहले आदर्श गांव का उद्घाटन किया गया।

- 'टाटा स्टील कलिंगनगर' वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (WEF) के 'ग्लोबल लाइटहाउस नेटवर्क' में शामिल होने वाला पहला भारतीय विनिर्माण संयंत्र बन गया है।

- महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केरल स्टार्टअप मिशन (Kerala Startup Mission- KSUM) कोच्चि में महिला स्टार्टअप शिखर सम्मेलन (Women Startup Suummit) का आयोजन करेगा।

  इस शिखर सम्मेलन का आयोजन KSUM द्वारा राष्ट्रीय महिला नेटवर्क और भारतीय उद्योग परिसंघ (Confederation of Indian Industry-CII) के साथ मिलकर किया जाएगा।

  इस सम्मेलन की थीम "एक समावेशी उद्यमशीलता पारिस्थितिकी का विकास" (Developing an Inclusive Entrepreneurship Ecosystem) है।

- मानव तस्करी का शिकार बच्चों को सकुशल वापस लाने और उन्हें उनके परिवार से मिलवाने के लिए दिल्ली पुलिस ने ऑपरेशन मिलाप शुरू किया है।

हिन्दवंशी

- बहुआयामी गरीबी सूचकांक 2019 की रिपोर्ट के अनुसार भारत में साल 2005-06 से 2015-16 के बीच 27.1 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं।

  रिपोर्ट को ऑक्सफोर्ड पोवर्टी एंड ह्यूमन इनिशिएटिव और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) ने मिलकर तैयार किया है।

- ओडिशा सरकार ने केंद्र की गवाह संरक्षण योजना 2018 को लागू कर दिया है।

  ओडिशा इस योजना को लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है।

  इस योजना का उद्देश्य गवाहों को सुरक्षा प्रदान करना है, ताकि पूर्ण रूप से निष्पक्ष न्यायिक प्रक्रिया का संचालन सुनिश्चित किया जा सके।

- दुनियाभर में बढ़ती जनसंख्या के प्रति लोगों को जागरुक करने के उद्देश्य से हर साल 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है।

- सुनील छेत्री को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF) ने रिकॉर्ड छठी बार वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना।

  आशालता देवी को AIFF के द्वारा वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुना गया।

- विश्वभर में करीब 2.5 करोड़ ऐंड्रॉयड स्मार्टफोन एजेंट स्मिथ (Agent Smith) वायरस की चपेट में हैं।

  Check Point Research की रिपोर्ट के मुताबिक इनमें भारत के 1.5 करोड़ फोन प्रभावित हुए हैं।

  यह वायरस गूगल प्ले से जुड़े ऐप के जरिए आया है।

- यूएस फेडरल ट्रेड कमीशन ने फेसबुक (Facebook) पर सोशल नेटवर्क की गोपनीयता के उल्लंघन और डेटा सुरक्षा खामियों के लिए 5 अरब डॉलर का जुर्माना लगाया है।

- फ्रांस ने उसके यहां से उड़ान भरने वाली सभी विदेशी उड़ानों पर 18 यूरो (करीब 1385 रुपये) का 'इको टैक्स' लगाने का ऐलान किया है।

- धाविका दुती चंद इटली के नेपोली में आयोजित 30वें विश्व यूनिवर्सिटी खेलों में 100 मीटर की दौड़ में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला ट्रैक और फील्ड खिलाड़ी बन गई हैं।

हिन्दवंशी

- RPF ने रेलवे परिसर में अनधिकृत ब्रांड वाली पानी की बोतलें धडल्ले से बेचे जाने के मामलों पर रोक लगाने के लिए "ऑपरेशन थ्रस्ट" शुरू किया।

  आपरेशन थ्रस्ट के तहत चलाए गए अभियान के अनुसार यदि कोई भी वेंडर रेल नीर के अलावे दूसरे ब्रांड का बोतलबंद पानी बेचते पाया जाएगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

- रोमानिया की सिमोना हालेप ने अमेरिका की सेरेना विलियम्स को लगातार सेटों में 6-2, 6-2 से हराकर विम्बलडन टेनिस चैम्पियशिप 2019 के महिला एकल का खिताब जीत लिया।

- स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) की मैनेजिंग डायरेक्टर (MD) अंशुला कांत को वर्ल्ड बैंक का मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर (MD & CFO) बनाया गया है।

- दूरसंचार विभाग (The Department of Telecom) और भारतीय अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक संबंध अनुसंधान परिषद (Indian Council for Research on International Economic Relations-ICRIER) ने देश के राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के लिए 'ब्रॉडबैंड तैयारी सूचकांक' (Broadband Readiness Index-BRI) तैयार करने के उद्देश्य से सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं।

  यह सूचकांक राज्य/केंद्रशासित प्रदेश के स्तर पर अंतर्निहित डिजिटल बुनियादी ढाँचागत सुविधाओं की मौजूदा स्थिति के साथ-साथ अन्य संबंधित बातों का आकलन करेगा।

- संपत्ति सलाहकार कंपनी CBRI के सर्वेक्षण के अनुसार कनॉट प्लेस ऑफिस खोलने के लिए लिहाज से दुनिया की नौंवी सबसे महंगी जगह है।

  इस सर्वेक्षण के अनुसार हांगकांग का सेंट्रल डिस्ट्रिक महंगी जगह के लिहाज से शीर्ष स्थान पर है।

- भारतीय सेना ने इजरायली टैंक रोधी स्पाइक मिसाइलों की खरीद के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किया है।

- इंग्लैंड ने क्रिकेट विश्व कप के 44 वर्षों के इतिहास में पहली बार विश्व कप जीता है।

  खिताबी मुकाबले में इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को हराकर पहली बार वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया।

- मेघालय देश में जल नीति पेश करने वाला पहला राज्य बन गया है।

हिन्दवंशी

इस नीति का उद्देश्य सामुदायिक भागीदारी के साथ-साथ सतत विकास और जल संसाधनों का समुचित इस्तेमाल करना है।

- सर्बियाई खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर को पांच सेटों तक चली मैराथन टक्कर में 7(7)-6(5), 1-6, 7(7)-6(4), 4-6, 13(7)-12(3) हराकर विंबलडन 2019 का खिताब जीत लिया।

- सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश ए के सीकरी सिंगापुर अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक न्यायालय (SICC) में अंतरराष्ट्रीय जज नियुक्त किए गए हैं।

- केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (University Grants Commission-UGC) की 'परामर्श' योजना का शुभारंभ किया है।

  इस योजना का प्रमुख उद्देश्य उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (National Accreditation and Assessment Council-NAAC) द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों को परामर्श देना है।

- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने कांगो में दो मिलियन लोगों के घातक इबोला वायरस से ग्रसित होने पर इस क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य आपातकाल घोषित कर दिया गया है।

  WHO के द्वारा लागू किया गया यह आपातकाल पांचवाँ अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य आपातकाल है।

  इससे पहले स्वाइन फ्लू आपातकाल 2009, पोलियो आपातकाल 2014, इबोला वायरस आपातकाल 2014, ज़ीका वायरस आपातकाल 2016 लागू किए जा चुके हैं।

- दिल्ली के प्रगति मैदान में 19-20 जुलाई को 'अंतरराष्ट्रीय पुलिस एक्सपो' का आयोजन किया जाएगा।

  पुलिस एक्सपो में भारत सहित 25 से अधिक देशों की कंपनियां अपने आधुनिक हथियारों एवं उपकरणों को प्रदर्शित करेंगी।

  पुलिस एक्स्पो का आयोजन कारोबारी मेलों, प्रदर्शनी एवं सम्मेलनों के आयोजनकर्ता 'नेक्सजेन एक्जिबीशन' द्वारा किया जाएगा।

- शिव थापा कजाकिस्तान में आयोजित प्रेजिडेंट कप मुक्केबाजी टूर्नमेंट 2019 के फाइनल में वॉकओवर मिलने के बाद प्रेजिडेंट कप मुक्केबाजी टूर्नमेंट में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बन गए।

  फाइनल में शिव थापा की टक्कर कजाकिस्तान के जाकिर सफिउल्लिन से थी जो चोट के कारण मुक्केबाजी रिंग में

नहीं उतर सके।

- इज़राइल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (Israel Institute of Technology) के वैज्ञानिकों ने भारतीय गणितज्ञ रामानुजन के नाम पर एक अवधारणा विकसित की है जिसे उन्होंने रामानुजन मशीन (Ramanujan Machine) का नाम दिया है।

- जिम्बाब्वे क्रिकेट को तत्काल प्रभाव से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की सदस्यता से निलंबित कर दिया गया है।

  इस फैसले के बाद अब जिम्बाब्वे कोई भी अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेल पाएगा।

  जिम्बाब्वे क्रिकेट बोर्ड के द्वारा स्वतंत्र और लोकतांत्रिक चुनाव आयोजित करने में असमर्थ रहने तथा सरकारी हस्तक्षेप को खत्म करने में असफल रहने के कारण ICC ने इसे बैन किया है।

- 22 जुलाई 2019 को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से चंद्रयान-2 अंतरिक्षयान को भूतुल्यकालिक उपग्रह प्रक्षेपण यान (Geosynchronous Satellite Launch Vehicle-GSLV) मार्क III से सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया गया।

- आंध्रप्रदेश विधानसभा में 'आंध्र प्रदेश एंप्लॉयमेंट ऑफ लोकल कैंडिडेट इन इंडस्ट्रीज/फैक्ट्रीज एक्ट 2019' को पारित किया गया।

  इस कानून के तहत अब आंध्र प्रदेश के सभी इंडस्ट्रियल यूनिट्स, फैक्ट्रीज, संयुक्त उद्यम समेत पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप में चल रहे सभी प्रोजेक्ट्स में 75 फीसदी नौकरियां स्थानीय लोगों के लिए आरक्षित होंगी।

  इस विधेयक के पास होने के बाद स्थानीय लोगों को 75 फीसदी नौकरियों में आरक्षण देने वाला आंध्र प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है।

- भूटान और बांग्लादेश के मध्य व्यापार को सहज बनाने के उद्देश्य से भारत ने ब्रह्मपुत्र नदी में आवागमन के लिये एक जलमार्ग खोला है।

  यह प्रथम अवसर है जब किसी भारतीय जलमार्ग का उपयोग दो देशों के बीच माल-परिवहन के लिये पारगमन के रूप में किया जा रहा है।

- केरल सरकार ने तिरुवनंतपुरम में भारत के पहले ‘स्पेस पार्क’ की स्थापना करने का निर्णय लिया है।

  इसका उद्देश्य अन्तरिक्ष के क्षेत्र में कार्य करने वाले वैश्विक स्टार्टअप्स को आकर्षित करना है।

हिन्दवंशी

- 26 जुलाई 1999 को कारगिल युद्ध में विजय हासिल करने के बाद से हर साल 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस (Kargil Vijay Diwas) मनाया जाता है।

- अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने भारत के सचिन तेंदुलकर को उनकी महान उपलब्धियों के लिए सम्मानित करते हुए उन्हें 'ICC हॉल ऑफ फेम' में शामिल किया।

  इस सम्मान को पाने वाले सचिन तेंदुलकर छठे भारतीय क्रिकेटर हैं।

  उनसे पहले भारत की तरफ से यह सम्मान बिशन सिंह बेदी, कपिल देव, सुनील गावस्कर, अनिल कुंबले और राहुल द्रविड़ को मिल चुका है।

- 11वां डिफेंस एक्सपो इंडिया-2020 का आयोजन फरवरी 2020 में पहली बार उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में होगा।

  डिफेंस एक्सपो इंडिया-2020 की थीम 'भारत: उभरता हुआ रक्षा विनिर्माण केंद्र' और इसका फोकस 'रक्षा का डिजिटल रुपांतरण' पर होगा।

  इस एक्सपो का आयोजन विदेशी रक्षा उपकरण निर्माताओं को भारतीय रक्षा उद्योग के साथ सहयोग करने और मेक इन इंडिया पहल को बढ़ावा देने में मदद करने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से किया जाएगा।

- बोरिस जॉनसन कंजरवेटिव पार्टी के नेता और ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री चुने गए हैं।

- खेलो इंडिया यूथ गेम्स का तीसरा संस्करण जनवरी 2020 में गुवाहाटी में आयोजित किया जाएगा।

- रिजर्व बैंक ने बैंक की मध्यमकाल के लिए तैयार की गई रणनीति रूपरेखा 'उत्कर्ष 2022' की शुरुआत की।

  यह रणनीति वैश्विक स्तर पर बन रहे वृहद आर्थिक परिवेश के अनुरूप तैयार की गई है।

- नालंदा अंतराष्ट्रीय विश्वविधालय, राजगीर में पांचवा अंतराष्ट्रीय धर्म धम्म सम्मेलन का आयोजन किया गया।

  सेंटर ऑफ स्टडी ऑफ रिलीजन एंड सोसायटी, इंडिया फाउंडेशन नई दिल्ली के सहयोग से नालंदा विश्वविद्यालय में इस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

  इस सम्मेलन का विषय है- धर्म धम्म परंपराओं में संत चित्त आनंद एवं निर्वाण।

हिन्दवंशी

- कॉर्नेल यूनिवर्सिटी, इन्सीड और संयुक्त राष्ट्र के विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO) के द्वारा जारी 'वैश्विक नवाचार सूचकांक' (Global Innovation Index- GII) 2019 के अनुसार भारत पिछले वर्ष के 57वें पायदान की तुलना में इस वर्ष 52वें पायदान पर पहुँच गया है।

  इस सूचकांक में स्विट्ज़रलैंड को पहला स्थान प्राप्त हुआ है।

  इस वर्ष GII की थीम 'स्वस्थ जीवन का सृजन-चिकित्सा नवाचार का भविष्य' है।

- हेपेटाइटिस के बारे में लोगों को जागरूक बनाने तथा इसके रोकथाम, निदान और उपचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विश्व भर में हर वर्ष 28 जुलाई को विश्व हेपेटाइटिस दिवस मनाया जाता है।

  इस साल हेपेटाइटिस डे की थीम 'इनवेस्ट इन इलिमिनेटिंग हेपेटाइटिस' रखा गया है।

- रंगभेद को मिटाने में मंडेला के योगदान के सम्मान में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने उनके जन्मदिन 18 जुलाई को 'मंडेला दिवस' (Nelson Mandela Day) के रूप में घोषित किया।

- जॉर्डन के अकाबा में दुनिया का पहला अंडरवॉटर मिलिट्री म्यूजियम बनाया गया है।

- भारतीय मूल की प्रीति पटेल को नए प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन की कैबिनेट में गृह मंत्री नियुक्त किया गया है।

  वह ब्रिटेन में भारतीय मूल की पहली गृह मंत्री बनने वाली महिला हैं।

- गुजरात में 'चांदीपुरा वायरस' को लेकर अलर्ट जारी किया गया है।

  चांदीपुरा ऐसा खतरनाक वायरस है जो बच्चों के दिमाग में सूजन पैदा करता है जिसके कारण थोड़े समय में ही वे कोमा में चले जाते हैं या फिर उनकी मौत हो जाती है।

  इस वायरस का नाम महाराष्ट्र के एक गांव चांदीपुरा के नाम पर रखा गया है जो आमतौर पर सैंड फ्लाई (बड़मक्खी) या मच्छरों की वजह से फैलता है तथा सामान्यतः 14 साल से कम उम्र वाले बच्चों को अपना शिकार बनाता है।

- बाघों की घटती संख्या और इसके संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 29 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस मनाया जाता है।

  अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस के मौके पर जारी 'अखिल भारतीय बाघ अनुमान रिपोर्ट 2018' (All India Tiger Estimation -2018) के अनुसार अभी देश में कुल 2967 बाघ हैं।

हिंदवंशी

- पाकिस्तान के सियालकोट में स्थित 1,000 साल पुराना हिंदू मंदिर 'शवाला तेजा सिंह मंदिर' को बंटवारे के बाद पहली बार पूजा के लिए खोला गया।

- मशहूर भारतीय रेत कलाकार एवं पद्म पुरस्कार से सम्मानित सुदर्शन पटनायक को अमेरिका में 'सैंड स्कल्पटिंग फेस्टिवल' में 'पीपल्स च्वाइस अवार्ड' से सम्मानित किया गया है।

  उन्हें उनकी रेत कलाकृति 'स्टॉप प्लास्टिक पॉल्यूशन, सेव आवर ओसियन' के लिए 'पीपल्स च्वाइस अवार्ड' से सम्मानित किया गया।

- डोपिंग नियमों का उल्लंघन करने के कारण बल्लेबाज पृथ्वी शॉ को BCCI के द्वारा 8 महीने के लिए निलंबित किया गया है।

तमसो मा ज्योतिर्गमय
हिन्दवंशी
HINDVANSHI
HindvanshiEducation.com